आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 154 ● कटनी ● बुधवार, 6 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



जबलपुर में 90 वर्षीय बालकृष्ण ने उत्साह से मतदान किया



राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने जबलपुर में डाला वोट



महिलाओं की लंबी कतारें



राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने भोपाल में मतदान किया।



उज्जैन में रमेश शर्मा भी मतदान करने पहुंचे। 1995 में विद्युत मंडल में काम करते वक्त लाइन में चपेट में आ गए थे। उनके दोनों हाथ काटना पड़े थे।



केन्द्रों में उमड़ पड़े मतदाता

## लोकतंत्र का उत्सव

# लड़खड़ाते कदमों ने भी भरा उत्साह का रंग

## दमोह के पोलिंग बूथ पर 90 साल की महिला की मौत




दमोह में मतदान केंद्र पर पहुंचीं 90 साल की बुजुर्ग की मौत हो गई। शहर के वार्ड 4 में रहने वाली कमल रानी सुबह 9 बजे मतदान केंद्र नॉरबिट स्कूल में मतदान करने के लिए पहुंची थी। ईवीएम के नजदीक पहुंचते ही बटन दबाने से पहले उन्हें चक्कर आ गया और बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## 11 महापौर, 2808 पार्षद चुनने के लिए दोपहर तक 30 से 40 फीसदी मतदान

**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश में नगर सरकार चुने जाने के लिए आज पहले चरण में 11 निगमों में मतदान हो रहा है। 11 महापौर और 2808 पार्षद चुनने के लिए समाचार लिखे जाने तक 30 से 40 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। आज जहां मतदान हो रहा है इनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, खंडवा, बुरहानपुर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, उज्जैन, सागर, सिंगरौली और सतना शामिल हैं। लोकतंत्र के उत्सव में गणतंत्र रंगता नजर आया। लड़खड़ाते कदमों ने भी इस उत्सव में उत्साह का रंग भरा। मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों संग युवाओं की लंबी कतारें लगी। रंग बिरंगे परिधानों में मतदाता लोकतंत्र के उत्सव में मतदान के माध्यम से त्योहार मना रहे हैं। 11 नगर निगम, 36 नगर पालिका और 86 नगर परिषद में मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ जो शाम 5 बजे तक चलेगा।कुल 133 नगरीय निकायों के लिए 13,148 पोलिंग बूथ पर वोट डाले जा रहे हैं। नतीजे 17 जुलाई को आएंगे। 11 नगर निगम के लिए महापौर पद के लिए 101 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं, तीनों निकाय के लिए पार्षद के लिए 2850 पद हैं। वास्तविक रूप से 2808 पदों के लिए वोटिंग होगी। इनके लिए 11,250 उम्मीदवार मैदान में हैं। सुबह पहले दो घंटों में बेहद कम वोट पड़े। फिर मतदान तेज हुआ। जबरदस्त उत्साह के साथ उज्जैन में नगर सरकार चुनने को सुबह 7 से मतदान जारी है। इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन से अपना महापौर और पार्षद चुनने को सभी 568 मतदान केंद्रों पर शुरुआती दो घंटे में 10.74 फीसद मतदान हुआ। 4,61,103 मतदाताओं में से 49481 मतदाताओं ने सुबह 9 बजे तक मतदान किया था। उसके बाद मतदान केन्द्रों में भीड़ बढ़ने लगी। जबलपुर, सतना और सिंगरौली नगर निगम के लिए मतदान बुधवार सुबह शुरू हुआ। इसके अलावा उमरिया नगर पालिका, चंदिया और नौरोजाबाद नगर परिषद, बालाघाट जिले की वारासिवनी नगर पालिका, सिवनी नगर पालिका और बरघाट नगर परिषद, दमोह नगर पालिका परिषद के साथ हिंडोरिया व पथरिया नगर पंचायत नरसिंहपुर जिले के आठ नगरीय निकाय व अनूपपुर जिले की अमरकंटक नगर पंचायत, कटनी जिले की विजयराघवगढ़ व कैमोर नगर परिषद में भी मतदान किया जा रहा है। बालाघाट के वारासिवनी में दोपहर 1 बजे तक हुआ 35 प्रतिशत मतदान हुआथा। सिवनी में सुबह रिमझिम बारिश के चलते पहले 2 घंटे में काफी कम मतदान हुआ। बारिश थमने के बाद बढ़ने लगी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़। वही बरघाट नगर परिषद में 18 प्रतिशत से ज्यादा मतदान पहले 2 घंटों में हो गया है। नरसिंहपुर जिले में समाचार लिखे जाने तक तक 35 प्रतिशत मतदान हुआ था सभी केंद्रों पर भीड़ देखी जा रही है। जिले के 8 नगरीय निकायों के 142 वार्डों के लिए बने 253 मतदान केंद्रों पर मतदान करने के लिए मतदाता उत्साह से पहुंच रहे हैं। प्रशासन की चाक-चौकस व्यवस्थाओं के बीच मतदान सुचारू चल रहा है। सतना जिले में प्रात:11 बजे तक 20 फीसदी औसत मतदान हुआ था। रीवा जिले की हनुमना, मऊगंज और नईगढ़ी नगर परिषद, सतना जिले के चित्रकूट, उचेहरा, जैतवारा, कोठी, बिरसिंहपुर नगर परिषद में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जबलपुर में नगरीय निकाय चुनाव में वोट डालने बुजुर्गों और युवाओं में भी उत्साह दिखाई दिया। भाजपा महपौर प्रत्याशी डॉक्टर जितेंद्र जामदार और कांग्रेस के जगत बहादुर अन्नू ने सुबह अपनी पत्नियों के साथ वोट डाला। नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण में जिले के पांच नगरीय निकायों में वोट डाले जा रहे हैं। प्रथम चरण में पहले चरण में नगर निगम जबलपुर, नगर पालिका सीहोरा व पनागर, नगर परिषद बरेला व भेड़ाघाट में मतदान चल रहा है ।



जबलपुर में भाजपा महापौर प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र जामदार ने सपत्नीक मतदान किया



जबलपुर सांसद राकेश सिंह ने भी किया मताधिकार का प्रयोग



जबलपुर में कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी जगत बहादुर सिंह अन्नू ने परिवार सहित वोट डाला



राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिक



पूर्व महापौर प्रभात साहू

## लंदन से आकर स्मृति निरालिया ने डाला वोट



मतदान कितना आवश्यक है यह बात लंदन से जबलपुर शहर पहुंची स्मृति निरालिया (25) ने साबित कर दी है। स्मृति ईस्ट लंदन में ऑडिटर की नौकरी कर रही है, जो खास तौर पर मतदान करने के लिए जबलपुर आई हुई है। स्मृति ने बताया कि उसने पहली बार वोट डाला है। इसके पहले पढ़ाई के कारण वे बाहर थी और वोट नहीं डाल पाई, लेकिन इस बार नौकरी से छुट्टी लेकर शहर पहुंची और सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड नंबर 32 के होम साइंस कॉलेज पोलिंग बूथ में अपना मतदान किया।

### ग्वालियर वार्ड 3 में पूर्व पार्षद से मारपीट

ग्वालियर में नगरीय निकाय चुनाव में मतदान शुरू हुए तीन घंटे हो चुके हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि सुबह 9 बजे तक केवल 9 फीसद मतदान हुआ है। मतदाताओं के मूड ने राजनीतिक दलों की परेशानी को बढ़ा दिया है। उधर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में वार्ड क्रमांक तीन पूर्व पार्षद शिवदयाल छैया के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की खबर है। इसके बाद बहोड़ापुर थाने पर पूर्व पार्षद एवं उनके समर्थक पहुंच गए हैं। खबर लिखे जाने तक हंगामा जारी था। इस दौरान जीवाजीगंज स्थित मतदान केंद्र पर भी भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तनाव की स्थिति बन गई, हालांकि पुलिस बल ने भीड़ को खदेड़ दिया।



# मुसीबत वाली बारिश से हाहाकार

## कुल्लू के मणिकर्ण में फटा बादल, चार लोग लापता

**नई दिल्ली/मुंबई,एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश में छा गया है। अगले चार दिन ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने दिल्ली में बुधवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, मुंबई और आसपास के इलाकों में सोमवार से ही जोरदार बारिश हो रही है। इसी बीचहिमाचल प्रदेश में बारिश ने तबाही मचा रखी है। कुल्लू जिले के मणिकर्ण में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। स्थानीय छलाल पंचायत के प्रधान चुनी लाल के मुताबिक बादल फटने से चोज में एक होमस्टे, कैंपिंग साइट और एक पैदल पुल बाढ़ की चपेट में आने से बह गया है। हादसे में चार लोग भी बह गए हैं। सभी लोग कामगार बताए जा रहे हैं। वहीं, किन्नौर जिले में भूस्खलन होने की वजह से एनएच-5 बंद हो गया है। फिलहाल हाईवे को खोलने के लिए टीम लगी हुई है।



### मुंबई में हाई टाइड का अलर्ट

पूर्वी मुंबई में 58.6 मिमी, पश्चिमी हिस्से में 78.69 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। अगले 48 घंटों के लिए मध्यम से भारी बारिश का अनुमान है। कई जगह पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। कुछ इलाकों में बस और लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। मंगलवार को समुद्र में ऊंची लहरें उठी। 4 से 6 मीटर ऊंची हाई टाइड का अलर्ट जारी किया गया है। बृहन्मुंबई नगर निगम ने लोगों को समुद्र तट से दूर रहने को कहा है।


### राऊ के नाले में युवक बहा

मध्यप्रदेश में मानसून एक्टिव होने के बाद से हो रहीं बारिश से छोटी नदियां और नाले उफान पर हैं। इंदौर में । करीब तीन घंटे में 3.6 इंच बारिश दर्ज की गई। इससे सड़कों पर पानी भर गया। राऊ में एक लड़का पैर फिसलने से उफनते नाले में गिर गया। उसकी तलाश जारी है।

# जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को दोहरी कामयाबी

## बारामूला हाइवे पर IED डिफ्यूज किया, कुलगाम में माता-पिता की अपील पर 2 आतंकियों का सरेंडर

**श्रीनगर,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आज सुरक्षाबलों को एक ही दिन में दो बड़ी कामयाबी मिली है। जहां श्रीनगर बारामूला हाइवे पर IED डिफ्यूज कर दिया गया। वहीं, कुलगाम में दो आतंकियों ने अपने माता-पिता के कहने पर सरेंडर कर दिया। आतंकी सरेंडर करके जैसे ही बाहर आए, पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बारामूला हाइवे पर मिले ढ्ढश्वष्ठ को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों में से आर्मी की राष्ट्रीय रायफल्स की 29वीं बटालियन ने सड़क किनारे रखे ढ्ढश्वष्ठ को डिटेक्ट किया। इसके बाद बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वॉड ने इसे डिफ्यूज किया। इस दौरान हाईवे का ट्रैफिक रोका गया था, जिसे फिर से खोल दिया गया है।दूसरी तरफ सुरक्षाबलों को जैसे ही हादीगाम इलाके में आतंकियों से छिपे होने की खबर मिली, उन्हें पूरे इलाके के घेर लिया। इसके बाद दोनों तरफ एनकाउंटर शुरू हो गया। इनके बारे में जब डिटेल खंगाली गई तो पता चला कि ये दोनों इसी इलाके के रहने वाले हैं। इसके बार लगातार इसने सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन इन्हें कोई जवाब नहीं दिया।फिर मौका पाकर इन दोनों के माता-पिता को बुलाया गया। माता-पिता की अपील पर इन्हें आत्मसमर्पण कर दिया। इन दोनों से पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने इसे बड़ी कामयाबी बताते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि हथियार उठाने वाले युवा मुख्यधारा में वापस आ सकते हैं। कश्मीर जोन पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बारे में जानकारी दी।



# दो मंत्रियों के इस्तीफे से ब्रिटेन में सियासी संकट

### ऋषि और साजिद का इस्तीफा, पीएमजॉनसन पर भी पद छोड़ने का दबाव बढ़ा

**लंदन,एजेंसी।** ब्रिटेन में बोरिस जॉनसन सरकार के दो मंत्रियों के अचानक इस्तीफा देने से सियासी संकट बढ़ गया है। वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य सचिव साजिद जाविद ने मंगलवार देर रात इस्तीफा दे दिया। इसके बाद पहले से ही विवादों में घिरे ब्रिटिश पीएम की मुश्किलें और बढ़ेंगी। उन पर भी पद छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। दोनों मंत्रियों के हटने के बाद जॉनसन ने नादिम जाहवी को नया वित्त मंत्री नियुक्त किया है। वहीं, ब्रिटिश कैबिनेट के चीफ ऑफ स्टाफ स्टीव बार्सले को स्वास्थ्य सचिव की जिम्मेदारी दी है। सुनक ने पीएम को एक लेटर भी लिखा। कहा कि वह सरकार छोड़ने से दुखी हैं, लेकिन वह मंत्री पद पर इस तरीके से काम नहीं कर सकते। वहीं, जाविद ने लगातार हो रहे घोटालों के बाद जॉनसन की शासन करने की क्षमता पर सवाल उठाए। जॉनसन पर सांसद क्रिस पिंचर को डिप्टी चीफ व्हिप नियुक्त करने को लेकर भी आरोप लग रहे हैं। पिंचर ने सेक्शुअल मिसकंडक्ट की शिकायतों के बाद गुरुवार को इस्तीफा दिया था।जॉनसन ने मंगलवार को माना कि पिंचर को सरकार में शामिल करने का उनका फैसला गलत था।



## अजमेर दरगाह का खादिम गिरफ्तार

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नूपुर शर्मा के सिर कलम करने वाले को मकान देने का ऐलान करने वाली अजमेर दरगाह के खादिम सलमान चिश्ती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। अजमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि दरगाह के खादिम सलमान चिश्ती द्वारा भ्रामक और आपत्तिजनक वीडियो डाला गया है, जिसके बाद मामले में स्नद्बक्र दर्ज़ कर सलमान चिश्ती को उनके घर से पकड़ा है। उनसे पूछताछ जारी है। उन्होंने नूपुर शर्मा के संबंध पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। वीडियो में जैसा प्रतीत हो रहा है, उससे लग रहा है कि उन्होंने कुछ नशा किया था।

# महंगाई की तगड़ी मार, घरेलू सिलेंडर 50 रुपये महंगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों को आज सुबह एक और बड़ा झटका लगा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने घरेलू गैस सिलेंडर में 50 रुपये का इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में 14.2 किलो वाला सिलेंडर 1053 रुपये का हो गया है। पांच किलो वाले छोटू सिलेंडर की कीमत में भी 18 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। लेकिन 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 8.50 रुपये की कमी की गई है। नए दाम आज से ही प्रभावी हो गए हैं।



आपको बता दें कि अभी कुछ दिनों पहले ही तेल वितरण कंपनियों की ओर से कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में इजाफा किया गया था। अब बुधवार की सुबह को घरेलू सिलेंडरों की कीमतों में भी बढ़ोतरी कर दी गई है। गौरतलब है कि पहली बार घरेलू सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की गई है जबकि कमर्शियल सिलेंडर के दाम घटे हैं। बुधवार को कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 9 रुपये की कटौती की गई है। दिल्ली में एक 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब 2,012 रुपये हो गई है। गैस सिलेंडरों की नई दिल्ली में 6 जुलाई 2022 से लागू हो चुकी हैं।

# जिसकी सरकार केंद्र और प्रदेश में उसी की नगर सरकार बनने से होगा विकास- ज्योति दीक्षित

## भाजपा महापौर प्रत्याशी तथा वार्ड पार्षद प्रत्याशियों का जनसम्पर्क



**कटनी यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित ने आज विश्राम बाबा वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड तथा राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में जनसम्पर्क करते हुए लोगों से आव्हान किया कि कटनी की नगर सरकार भाजपा जनप्रतिनिधियों के बहुमत से बनेगी। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है ऐसे में कटनी के विकास के लिए जरूरी है नगर निगम में महापौर तथा वार्डों में पार्षद भी भाजपा का हो। जनसम्पर्क के दौरान जिलाध्यक्ष रामरतन पायल,विधायक संजय पाठक, संदीप जायसवाल ने भी जनता से संवाद करते हुए सरकार की जनकल्याण की योजनाओं के बारे में बताया एवं कहा कि मात्र 15 महीने की कांग्रेस की सरकार ने जनहितकारी योजनाओं को बंद कर जनता के साथ विश्वासघात किया। अब इस विश्वासघात का जवाब जनता को भाजपा की नगर सरकार बना कर देना है। जनसंपर्क में जनता का स्नेह भाजपा की महापौर प्रत्याशी ज्योति दीक्षित तथा पार्षद प्रत्याशियों को प्राप्त हो रहा है।

### चंद्रशेखर आजाद, मसुरहा वार्ड में वरिष्ठ लोगों से वीडी शर्मा की मुलाकात

मसुरहा वार्ड में वरिष्ठ भाजपा नेता लोटन प्रसाद स्वर्णकार के निवास एवं चंद्रशेखर आजाद वार्ड में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने वरिष्ठ नागरिक हजारी प्रसाद के निवास पहुंचकर गहोई समाज के प्रमुख लोगों से संवाद किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, नगर निगम चुनाव प्रभारी जितेन्द्र लटोरिया, विधायक संजय पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, महामंत्री चेतन हिंदूजा, उपाध्यक्ष दीपक टंडन, मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार सहित आजाद वार्ड, मसुरहा एवम जालपा वार्डों के भाजपा प्रत्याशी मौजूद रहे।



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मसुरहा वार्ड की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अनामिका शरद सोनी के चुनाव कार्यालय भी पहुंचे। यहां उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं को विजय के लिए जुट जाने मूलमंत्र दिया। उन्होंने यहां उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता लोकनाथ गौतम, ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ विभवराम त्रिपाठी, प्रकाश गुप्ता का स्वयं स्वागत किया। वार्ड के भाजपाजनों की ओर से वार्ड संयोजक शिल्पी सोनी ने स्वागत किया। आजाद चौक वार्ड में गहोई समाज के वरिष्ठ नागरिक पुरषोत्तम दास टंडन, चंद्रप्रकाश बरसइयां, डॉ.अशोक चौदहा, ज्योति प्रकाश नगरिया, नरेंद्र खंताल उपस्थित थे।

## पिछड़े वर्ग समाज से जुड़े प्रबुद्धजनों से संवाद में बोले सांसद वीडी शर्मा



# भाजपा ही कर सकती है पिछड़ा वर्ग का विकास

**कटनी, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो पिछड़ा वर्ग का सम्मान तथा उनके हितों की रक्षा के लिए कृतसंकल्प के साथ कार्य कर रहा है। यह विचार आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने घन्टाघर के मंगल भवन में पिछड़े वर्ग समाज से जुड़े प्रबुद्धजनों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। मंगल भवन में ओबीसी समाज के गणमान्य जनों से श्री शर्मा ने कहा कि समाज को संगठित रह कर उस दल को चुनना चाहिए जो सदैव पिछड़े वर्गों के कल्याण की बात करता है। उन्होंने कहा कि कटनी में भारतीय जनता पार्टी ने ओबीसी वर्ग के 11 लोगों को उम्मीदवार बनाया। जिला अध्यक्ष रामरतन पायल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष तथा लोकप्रिय सांसद का हमे मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा जो हमारे विजय संकल्प को साकार करेगा। विधायक संजय पाठक ने कहा कि शहर में विकास के इंजन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए वार्डों में भाजपा के पार्षद तथा शहर में ज्योति दीक्षित की विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लें। आभार प्रदर्शन पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुरेश सोनी ने किया। संचालन पिछड़ा वर्ग के वरिष्ठ नेता ललित जायसवाल ने किया। मंचासीन अतिथियों में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव,पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी दीपक टण्डन आदि उपस्थित थे।

### महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने किया जनसंपर्क

गत दिवस वार्ड क्रमांक 2 कुठला में श्रीमती लक्ष्मी कोल भाजपा पार्षद प्रत्याशी के क्षेत्र में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष माया नारोलिया मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में जनसंपर्क अभियान और नुक्कड़ सभा को संबोधित किया साथ एवं महापौर प्रत्याशी श्रीमती ज्योति दीक्षित एवं पार्षद प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी कोल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर में बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, उजाला योजना, प्रधानमंत्री कौशल, विकास योजना प्रधानमंत्री, आयुष्मान योजना एवं प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सुनील उपाध्याय, भावना सिंह, महिला मोर्चा जिलाअध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन सोगानी, रुकमणी बर्मन, शांति शर्मा, नीरा सेठिया एवं वार्ड के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो.. छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान



**कटनी, यशभारत।** आज शासकीय महिला कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डा आरके गुप्ता के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य के निर्देशानुसार छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन, भाषण विडियोग्राफी के माध्यम से छात्र छात्राओं मतदान करने के प्रति जागरूक किया और बताया हमारा मत एवं प्रश्नोत्तरी ने आम गांव-गांव जनता की जागरूक अमूल्य किया है। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के इस जागरूक कार्यक्रम में छात्राओं बड़ी संख्या में भाग लिया गया ।इस मौके पर डा. आर के गुप्ता, साधना जैन, डा. अग्रवाल संयोजक डा. स्मिता मसीह सदस्य, श्रीमति देववती चक्रवर्ती पी.सी. फोरी , रिचा पाण्डेश, श्रीमति पूनम शर्ग, सोनिया, डा . मीना बजाज, श्रीमति श्रीवास्तव अशोक शर्मा, प्रेमलाल कांबरे, श्रीमवमन, रामेश्वर सिंह, गणेश निषाद, कृष्ण गोपाल, जयवंत, विनीत सोनी, प्रियंका, मैत्रेयी, बंदना, प्रतिमा नम्रता निगम, स्मृति दहाय, सुमन, रीना मिश्रा, नागेन्द्र डा . विशेष आदि सभी की उपस्थिति रही

# रेलवे ने फिर जारी किया नया आदेश बंद रहेंगी कटनी-बिलासपुर रूट की कई ट्रेनें

**कटनी, यशभारत।** कटनी-बिलासपुर रूट पर पिछले चार माह से कई ट्रेनों का परिचालन बंद है। इस बीच अब विद्युतीकरण के नाम पर 14 दिनों के लिए कई ट्रेनों के परिचालन पर फिर रोक लगाई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल मंडल ने अमलाई, बुढार सेक्शन में तीसरी नई रेललाइन का विद्युतिकरण करने का कार्य करना है। जिसके लिए ट्रेनों का परिचालन को बंद किया गया है। तीसरी रेललाइन विद्युतीकृत का कार्य 7 जुलाई से 20 जुलाई तक किया जाएगा। जिसके लिए 14 दिनों के लिए यात्री गाडियों के परिचालन में रोक लगाई गई है। लगातार ट्रेनों के रद्द होने की वजह से यात्री अब बेहाल हो रहे हैं। आलम यह है कि सफर के लिए लोगों को हर तरह से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रिजर्वेशन के लिए पहले लंबी कतार लगानी पड़ रही है उसमें भी रिजर्वेशन होगा यह भी निश्चित नहीं है। वहीं छोटे-छोटे स्टेशनों के लिए सफर करने वाले यात्री तो रेलवे स्टेशन का रास्ता ही भूल गए हैं। इन समस्याओं के बाद भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने चुप्पी साध रखी है। ट्रेनों के लगातार रद्द होने की वजह से आम जनों को हो रही परेशानी को लेकर अब तक संभाग के किसी भी जनप्रतिनिधि ने मजबूती से अपनी बात नहीं रखी है। जिसका ही परिणाम है कि आम नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दो वर्ष से जहां लोकल ट्रेन बंद हैं वहीं जनरल टिकट भी प्लेटफार्म से नहीं मिल पा रही है। इसके बाद भी गंभीर नहीं हैं। वहीं जिन ट्रेनों का परिचालन हो भी रहा था उन्हे भी कहीं तीसरी लाइन में काम चलने का तो कभी कोयला की कमी बताकर रद्द किया जा रहा है। अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने आम जनों के हित का ख्याल रखते हुए इस ज्वलंत मुद्दे पर आवाज नहीं उठाई है।



### यह यात्री गाडियां बंद

7 से 20 जुलाई तक बिलासपुर से रवाना होने वाली ट्रेन 18257 बिलासपुर-चिरिमिरी एक्सप्रेस, 8 से 21 तक चिरिमिरी से रवाना होने वाली ट्रेन चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 9 एवं 16 को उदयपुर से रवाना होने वाली ट्रेन 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस, 10 एवं 17 को शालीमार से रवाना होने वाली ट्रेन 20971 शालीमार-उदयपुर एक्स., 7 एवं 14 को वलसाड से रवाना होने वाली ट्रेन 22909 वलसाड-पुरी एक्स., 10 एवं 17 को पुरी से रवाना होने वाली ट्रेन 22910 पूरी-वलसाड एक्सप्रेस, 10 एवं 17 को बीकानेर से रवाना होने वाली 20471 बीकानेर-पुरी एक्स., 13 एवं 20 को पुरी से रवाना होने वाली ट्रेन 20472 पुरी-बीकानेर एक्स.,7, 9, 11, 14, 16 एवं 18 को दुर्ग से रवाना होने वाली ट्रेन 12823 दुर्ग-निजामुद्दीन एक्स., 8,10, 12, 15, 17 एवं 19 को निजामुद्दीन से रवाना होने वाली ट्रेन 12824 निजामुद्दीन-दुर्ग एक्स., 10, 12, 17 एवं 19 को दुर्ग से रवाना होने वाली ट्रेन 18203 दुर्ग-कानपुर एक्स., 11, 13, 18 एवं 20 को कानपुर से रवाना होने वाली ट्रेन 18204 कानपुर-दुर्ग एक्स., 8,13,15 एवं 20 को दुर्ग से रवाना होने वाली ट्रेन 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्स., 10,15,17 एवं 22 को नौतनवा से रवाना होने वाली ट्रेन 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्स., 12 एवं 19 को दुर्ग से रवाना होने वाली ट्रेन 12549 दुर्ग-जम्मूतवी एक्स., 14 एवं 21 को जम्मूतवी से रवाना होने वाली ट्रेन 12550 जम्मूतवी-दुर्ग एक्स., 7 से 20 तक बरौनी से रवाना होने वाली ट्रेन 15231 बरौनी-गोंदिया एक्स., 8 से 21 तक गोंदिया से रवाना होने वाली ट्रेन 15232 गोंदिया-बरौनी एक्स. रद्द रहेगी। ट्रेनों का परिचालन रद्द पिछले चार से पांच माह से चला आ रहा है। 20 से 30 दिन के लिए ट्रेनों के रद्द करने का आदेश निकाला जा रहा है। समय सीमा पूरी होते ही नया आदेश निकाल देते हैं। अधिकारियों की मानें तो लगभग 50 फीसदी से ज्यादा यात्री ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं।



# तीन वार्डों में पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

**कटनी, यशभारत।** शहर की जीवनदायनी कटनी नदी की दशा किसी से छिपी नहीं है। भाजपा ने पिछले 10 सालों में कटनी नदी को कटनी का नाला बना दिया है। कटनी नदी अपनी दुर्दशा की कहानी स्वयं कह रही है। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल ने कल मंगलवार को कटाएघाट पहुंचकर जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि यहां पहुंचकर उन्हें बचपन याद आ गया। जब हम कटायेघाट मेले के लिए कितने उत्सुक रहते थे। मेले में जाने के लिए स्कूलों के बच्चों का कॉम्पटीशन होता था। स्कूलों में तैयारी होती थी। इसके पहले महापौर प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल ने अमकुही में आयोजित भंडारे में हिस्सा लिया। यहां वरिष्ठजनों से आशीर्वाद लिया। महापौर प्रत्याशी ने आज द्वारका सिटी में एकत्रित होकर चन्दी की दफाई, नैंसी स्कूल, बरगवां, भूमिया टोला, गड्ढा टोला,इ वंशरूप वार्ड 29 के कांग्रेस प्रत्याशी अजय कोल, मदन मोहन वार्ड 27 की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमति दुर्गावती कोल, नेहरू वार्ड 28 की प्रत्याशी श्रीमति माया चौधरी के साथ कटायेघाट मोड़, हनुमान मंदिर के पास से होते हुए डॉ विकास गुप्ता, बंधवा टोला, धाऊ चक्की, कब्रिस्तान, सागर पुलिया, माधवनगर गेट, हाउसिंग बोर्ड, इंदिरा ज्योति कालोनी, इंड्रस्टीज एरिया की तरफ कांग्रेसजनों ने बड़ी संख्या में जनसम्पर्क किया।


**कटनी नदी के जीर्णोद्धार का लिया संकल्प**

# एक स्टेशन एक-उत्पाद योजना के लिए जिले में कलाकार नहीं मिल रहे

**कटनी, यशभारत।** स्थानीय उत्पादों को देशभर में लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई रेलवे की एक स्टेशन एक-उत्पाद योजना' के लिए जिले में कलाकार नहीं मिल रहे हैं। कटनी सहित आसपास के किसी भी स्टेशन पर अब तक योजना से संबंधित उत्पादों का विक्रय शुरू नहीं हुआ है। रेलवे अधिकारी स्थानीय लघु उद्योगों, स्वसहायता समूहों से चर्चा कर रहे हैं, लेकिन कलाकार व व्यवसाय से जुड़े उद्यमी स्टेशन पर अपने उत्पादों के प्रदर्शन को लेकर तैयार नहीं हो रहे हैं। इसका कारण रेलवे के कठिन नियम, योजना में पारदर्शिता न होना व कलाकारों के पास स्टेशन पर उत्पाद विक्रय के लिए पर्याप्त इंतजाम न होना बताया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि सिर्फ कटनी व मुड़वारा स्टेशन पर भी उद्यमी तय किए जा सके हैं जबकि छोटे स्टेशनों पर ऐसे लोगों की तलाश जारी है।

### कटनी सहित इन स्टेशनों पर लगाए जाने हैं स्टॉल

कटनी के 13 स्टेशनों पर रेलवे द्वारा स्टॉल लगाए जाने हैं। इन स्टेशनों में कटनी, कटनी मुड़वारा, कटनी साउथ, झुकेही, खन्नाबंजारी, निवार, पकरिया रोड, पटवारा, रीठी, सलैया, स्लीमनाबाद, अमदरा व भदनपुर शामिल हैं।



### कटनी-मुड़वारा में दिखेंगे बांस और लकड़ी के उत्पाद

रेलवे ने कटनी व मुड़वारा स्टेशन में स्टॉल के लिए कलाकार तय कर लिए हैं। लघु उद्योग भारती के बैनर तले बांस और लकड़ी के उत्पादों का स्टॉल यहां लगाए जाएगा। हालांकि स्टॉल कब तक शुरू होंगे, यह भी अधिकारी तय नहीं कर पाए हैं।

### दब जाती है प्रतिभा

शिल्पकार और हथकरघा के उत्पाद काफी अच्छे होते हैं लेकिन पैसे के अभाव में कई बार कारीगर अपने उत्पादों का विज्ञापन पर ज्यादा खर्च नहीं कर पाते। इस कारण उनके अच्छे उत्पाद स्थानीय लोगों की जानकारी में नहीं आते। ऐसे में रेलवे स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए योजना कारगर साबित होती।




# पीएम आवास के 800 से अधिक आवास हो गए सरेंडर

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम ने लगभग 800 आवास सरेंडर कर दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि हितग्राही समय पर डाक्यूमेंट जमा नहीं किए, मापदंडों के अनुसार पात्र नहीं पाए गए इसलिए सरेंडर किए गए हैं। वहीं नगर निगम के सूत्रों की मानें तो प्रेमनगर और झिंझरी में बन रही मल्टी में पहले लोग आवास नहीं खरीद रहे थे, उसके चलते भी आवास सरेंडर किया जाना बताया जा रहा है। जरुरतमंदों को पक्का आवास दिलाने के मामले में भी नगर निगम की सुस्त चाल है। केंद्र सरकार से गरीबों को आवास बनाने के लिए दी जाने वाली राशि में हो या फिर आसान किश्तों में पक्की छत मुहैया कराने की योजना, दोनों ही योजना पर काम बेहद धीमी गति से चल रहे हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि 2017 से लेकर अबतक नगर निगम ने जरुरतमंदों को पक्का आवास देने के लिए नौ डीपीआर तैयार कीं, लेकिन एक भी डीपीआर पर काम पूरा नहीं हुआ। गरीबों को ढाई लाख रुपये दिए जा रहे हैं ताकि वे मकान बना सकें। अभी तक नगर निगम ने 6808 आवासों की डीपीआर बनाई। जिसमें से नौवीं अभी स्वीकृत नहीं है। अभी तक मात्र 49 फीसदी ही काम हो पाया है। यह हाल मल्टी निर्माण का भी है, झिंझरी में काम बंद है तो वहीं प्रेमनगर में भी धीमा काम चल रहा है। पूर्व में करोड़ों रुपये से अधिक की बनी आइएचएसडीपी योजना इंटीग्रेटेड हाउसिंग एंड स्लम डेव्हलपमेंट प्रोग्राम) में अबतक आवंटन की पूरी प्रक्रिया नहीं हुई।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 07 से
दोपहर 12.30,3,5.30,8 एवं रात्रि 10.15 बजे से




थोर (Love & Thunder) (हिन्दी में)
कलाकार- क्रिस हेमवर्थ, क्रिश्चियन बेल, रसेल क्रो, जेमी एलेक्जेंडर आदि।
नोट-12.30,3,5.30 2D एवं 8,10.15 वाले शो 3D हैं
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 08 से
दोपहर 1,4,7 एवं रात्रि 9.30 बजे से




खुदा हाफिज-2
कलाकार- विद्युत जामवाल, शिवालिका ओबेराय, शीबा चड्डा, राजेश तेलंग आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 08 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
खुदा हाफिज-2
कलाकार- विद्युत जामवाल, शिवालिका ओबेराय, शीबा चड्डा, राजेश तेलंग आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 06 जुलाई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# दोनों नगर परिषदों में चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह

## पहले चरण के लिए कैमोर और विजयराघवगढ़ में उत्साहपूर्वक मतदान

**कटनी, (यशभारत)।** नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए आज कैमोर और विजयराघवगढ़ में वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वार्ड पार्षद पद के लिए मतदान किया। दोनों ही नगर परिषदों में चुनाव को लेकर वोटरों में काफी उत्साह दिखा। करीब सात साल बाद हो रहे चुनाव को लेकर युवाओं, महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग मतदाताओं ने बड़ी संख्या में केन्द्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई केन्द्रों पर वोटरों की लंबी कतार भी देखने को मिली। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी पूरे समय मतदान केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। दोनों ही नगर परिषदों में वार्ड पार्षद 29 पदों के लिए 115 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज मतदाताओं ने किया। इसका रिजल्ट 17 जुलाई को सामने आएगा।




नगरीय निकाय चुनाव के महायज्ञ में आज कैमोर और विजयराघवगढ़ के मताताओं ने पार्षद पद के 29 पदों के लिए 115 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला किया। अब वोटरों ने किस पर अपना विश्वास व्यक्त किया है, इसका फैसला 17 जुलाई को होगा। विदित हो कि कोरोना संक्रमण के चलते ढाई साल से चुनावों पर ब्रेक लगा हुआ था, इसके बाद जब संक्रमण का असर कम हुआ तो ओबीसी आरक्षण के मुद्दे के चलते एक बार फिर चुनाव टल गए। अंततः देश की सर्वोच्च अदालत के निर्देश पर नगरीय निकाय चुनाव कराए जाने को हरी झंडी मिली। राज्य निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम जारी किया और चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही चुनाव की सरगर्मी शुरू हो गई। प्रदेश में निकाय चुनाव दो चरणों में कराए जा रहे हैं।

### सुबह 11 बजे तक कैमोर में 30 तो विगढ़ में 41 फीसदी मतदान

जिले के दोनों ही नगर परिषदों में मतदान की रफ्तार सुबह से ही तेज रही। मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। आलम यह रहा है कि नगर परिषद कैमोर में जहां सुबह 11 बजे तक करीब 30 प्रतिशत मतदान हो चुका था तो वहीं नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 41 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रगयोग कर लिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैमोर में 31 प्रतिशत पुरूष एवं 29.6 प्रतिशत महिलाएं एवं विजयराघवगढ़ में 42.4 प्रतिशत पुरूष एवं 39.5 प्रतिशत महिलाएं मतदान में हिस्सा ले चुकी थीं।

### 17 जुलाई को होगी मतगणना

कटनी जिले में दो चरणों में निकाय चुनाव कराए जा रहे हैं। पहले चरण में नगर परिषद कैमोर एवं नगर परिषद विजयराघवगढ़ में आज 6 जुलाई को मतदान कराया जा रहा है। दोनों निकायों के 29 वार्डों को मिलाकर पार्षद पद के लिए 115 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है। यहां मतगणना 17 जुलाई को होगी। दूसरे चरण के लिए नगर निगम कटनी एवं नगर परिषद बरही में 13 जुलाई को मतदान एवं 18 जुलाई को वोटों की गिनती का काम होगा।

### कैमोर में 15 वार्ड, 63 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

नगर परिषद कैमोर में 15 हजार 678 मतदाता 15 वार्डों में 63 अभ्यर्थियों के भाग्य कर फैसला कर रहे हैं। इसमे 7968 पुरूष मतदाता, 7709 महिला मतदाता तथा 1 अन्य श्रेणी का मतदाता शामिल है। यहां दोपहर 1 बजे तक 50 प्रतिशत मतदान होने की खबर थी।

### नगर निगम के 45 वार्डों में पुरूष एवं महिला मतदाताओं की जानकारी

| नगरीय निकाय | वार्ड | उम्मीदवार | मतदान केन्द्र | पुरूष | महिला | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नगर परिषद विगढ़ | 14 | 52 | 15 | 3503 | 3432 | 00 | 6935 |
| नगर परिषद कैमोर | 15 | 63 | 23 | 7968 | 7709 | 01 | 15678 |
| कुल योग | 29 | 115 | 38 | 11471 | 11141 | 01 | 22613 |



# 15 महीने की सरकार में कांग्रेस ने दी प्रदेश को एक नई पहचान

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा : पहले मध्यप्रदेश की पहचान माफिया से थी

**कटनी, (यशभारत)।** वर्ष 2018 के चुनाव में मध्यप्रदेश में 15 सालों बाद कांग्रेस की सरकार बनी थी। इस दौरान हमारी सरकार ने अपनी नीति और नियत का परिचय दिया था। हमने 100 रूपए में 100 यूनिट बिजली दी। 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाने का काम किया। हमने मध्यप्रदेश को एक नई पहचान देने का काम किया। कांग्रेस ने मप्र में निवेश की तरफ भी ध्यान, क्योंकि निवेश आता है विश्वास से। हमारी सरकार आने के पहले किसी को मध्यप्रदेश पर विश्वास ही नहीं था। यह बात प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पत्रकारवार्ता में कही। श्री नाथ ने कांग्रेस में गुटबाजी और असंतोष की बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि आज कांग्रेस से ज्यादा गुटबाजी और असंतोष भाजपा में है। उन्होंने कहा कि पहले मध्यप्रदेश की पहचान माफिया से थी। आज मप्र बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, किसान आत्महत्या, भ्रष्टाचार और अपराध के मामले में नंबर वन है। हमारी सरकार थी तो हमने माफिया को खत्म करने का काम किया था। राज्य की भाजपा सरकार की दोषपूर्ण नीतियों की वजह से ही आज मध्यप्रदेश का हर वर्ग परेशान है। भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि आज मप्र में कोई भी काम बिना पैसे के नहीं होता। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि कांग्रेस समाज के हर तबके की लड़ाई लड़ रही है और हर मोर्चे पर उनके साथ खड़ी है। प्रशासन अगर प्रताड़ित करता है तो हम आपके साथ खड़े होंगे। श्री तन्खा ने कहा कि कांग्रेस अब एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है। कांग्रेस के साथ बड़ी संख्या में युवा जुड़ रहे हैं। अब एक नई कांग्रेस बन रही है। इस नई कांग्रेस के साथ कमलनाथ जी के नेतृत्व में हम हर लड़ाई जीतेंगे। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नेताओं के सवाल पर श्री तन्खा ने कहा कि जो लोग कांग्रेस छोड़कर जा चुके हैं, हमे उन्हें वापस लाने में कोई रूचि नहीं है। हम अपनी शक्ति नए लोगों के मध्यम से चुनाव में लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव जीतने के लिए काम करे और प्रशासन अगर गलत करता है, तो प्रशासन को कैसे कंट्रोल करना है, हमे मालूम है। पत्रकारवार्ता में विधायक बसंत सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह, महापौर प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल, शहर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष विक्रम खंपरिया, ग्रामीण कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष करन सिंह चौहान, राकेश जैन कक्का सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी रही।

### कटनी में मेरे 5 लोग घूम रहे, मुझे रोज दे रहे सर्वे रिपोर्ट : कमलनाथ

प्रेस कांफ्रेंस से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए निष्ठा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने नेताओं से पूछा कि आपमे से कौन-कौन अपने वार्ड की रक्षा कर पाएगा। कार्यक्रमों में सब आते हैं, लंबी चौड़ी बात करते है और जो सबसे बड़ी माला लाते हैं, सबसे ज्यादा वोटों से अपना ही वार्ड हारते हैं। श्री नाथ ने कहा कि ये आपकी निष्ठा का इम्तहान है। बहुत सारे नेता काम नहीं करने का बहाना ढूंढते हैं, जबकि हमे बहाना ढूंढना है काम करने का। मेरे पास हर दो दिन में सर्वे रिपोर्ट आती है। मेरे 5 लोग कटनी में घूम रहे हैं। मुझे रोज रिपोर्ट देते हैं। मुझसे कोई बात छिपी नहीं है। सोशल मीडिया से भी कई सारी बात पता चल जाती है। उन्होंने कहा कि आज मौका मिला है, कांग्रेस के प्रति निष्ठा व्यक्त करने का।

# छात्राओं ने ली पर्यावरण संरक्षण की हरित शपथ



**कटनी, (यशभारत)।** शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी द्वारा प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में 57-2022 को इको क्लब के द्वारा आयोजित हरित महोत्सव के अंतर्गत छात्राओं को डॉक्टर साधना जैन द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित व स्वच्छ रखने हेतु शपथ दिलाई गई। इको क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने वाला प्राकृतिक संसाधनों को बचाए एवं बनाए रखने की बात कही गई। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# तिलक व अन्य कॉलेजों में होगी खेल की पढ़ाई, मिलेगी कोचिंग

## उच्च शिक्षा विभाग ने शुरू की पहल, कॉलेजों से मंगाए प्रस्ताव व खेल मैदान की जानकारी

**कटनी, यशभारत।** खेल के क्षेत्र में कैरियर बनाने वाले युवाओं को अब कॉलेजों में खेलों की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। जानकारी के मुताबिक इसी शैक्षणिक सत्र से शहर के लीड तिलक कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों में नवीन खेल पाठ्यक्रम की पढ़ाई होगी, साथ ही खिलाड़ी विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन ने कॉलेजों को पत्र जारी कर प्रस्ताव, खेल मैदान सहित आवश्यक जानकारी मंगाई है। इसके लिए एक यूनिवर्सिटी को खेल मनोविज्ञान पाठ्यक्रम जारी करने के लिए कहा गया है। साथ ही समस्त शासकीय, अशासकीय अनुदान प्राप्त, अशासकीय महाविद्यालयों को भी नवीन खेल पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए कहा गया है। इस योजना के तहत विद्यार्थियों को खेल के प्रति रुचि और कैरियर बनाने में बेहद सहायक होगा। अभी तक महाविद्यालयों में खिलाड़ी सिर्फ खेलते थे। अब पाठ्यक्रम के माध्यम से उसकी तकनीक, बारीकियों, नियमों आदि को भी जान सकेंगे। तिलक कॉलेज में इस साल से 3 नए संकाय की भी सुविधा विद्यार्थियों को मिल गई है, जिसमें प्रवेश भी होने लगे हैं। स्व वित्तीय योजना से तिलक कॉलेज में एमएससी बॉटनी, एमएसी जिलॉजी, एमए इंग्लिश संकाय की सुविधा मिल गई है। अभी तक बॉटनी में 21, जिलॉजी में 17 व एमए अंग्रेजी के लिए 14 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। तिलक कॉलेज प्राचार्य डॉ. एस के खरे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार खेल पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिले के सभी कॉलेजों को इसमें शामिल होने कहा गया है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

# चाकू अड़ाकर युवक से लूटपाट

## कोतवाली के झंडाबाजार क्षेत्र में वारदात,पुलिस पर एफआईआर दर्ज न करने का आरोप

**कटनी (यशभारत)।** कोतवाली थाना से लगभग 50 मीटर की दूरी पर सोमवार की रात एक युवक के साथ चाकू अड़ाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि लुटापिटा युवक रात में कोतवाली थाने पहुंचा तो स्टॉफ ने सुबह आने की बात कहकर चलता कर दिया। दूसरे दिन भी युवक पहुंचा तो एफआइआर नहीं हुई। पुलिस उसे साथ में ले जाकर सीसीटीवी कैमरे दिखवाती रही। हालांकि अभी तक लूट करने वाले आरोपियों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है। वहीं थाना से चंद कदम की दूरी पर इस तरह की घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पाठक वार्ड निवासी 24 वर्षीय मोहित उर्फ मोहन शुक्ला कैटरिंग में काम करता है। उसने बताया कि सोमवार रात लगभग 12 बजे घर लौट रहा था। तभी झंडाबाजार के समीप दो-तीन लड़के पहुंचे और झपट्टा मारकर पकड़ लिया। एक ने चाकू अड़ा लिया और लूटपाट की। हमले के डर से मोहित ने एक चांदी की अंगूठी, चेन उतारकर दे दी। युवक के पास कुछ नगदी रुपये भी थे वह भी लुटेरे लेकर भाग गया। लूट करने के बाद आरोपी गणेश मंदिर की तरफ भाग निकले।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

मोहित ने बताया कि वह घटना के बाद तत्काल कोतवाली थाने पहुंचा। यहां पर मौजूद स्टॉफ ने कहा कि सुबह आना तो जांच करेंगे। मंगलवार की दोपहर भी युवक थाने पहुंचा और लूट की जानकारी दी। युवक ने बताया कि वह काम से घर लौट रहा था। तभी उसके साथ वारदात हो गई। इस पर कोतवाली टीआइ ने स्टॉफ को जांच करने के लिए कहा। दो आरक्षक उसे झंडा बाजार लेकर पहुंचे और सीसीटीवी कैमरे खंगालते रहे।

### इनका कहना है

अभी इस मामले की जांच की जा रही है। स्टॉफ को घटना स्थल पर भेजकर सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई गई है। कुछ आरोपियों का सुराग मिल रहा है। शीघ्र ही इस मामले में कार्रवाई करेंगे। - अजय सिंह, टीआई

### नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**कटनी(यशभारत)।** यातायात पुलिस द्वारा सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर नो-पार्किंग जोन में खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बीच सड़क, नो-पार्किंग जोन में खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई व बेवरवाही करने वाले वाहनों को क्रेन से उठाकर ले जाया गया।

# शहर के कई वार्डों में दूषित पेयजल की आपूर्ति

## शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

**कटनी, (यशभारत)।** शहर के कुछ वार्डों में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। बारिश का मौसम शुरू होने के बाद लोगों का स्वच्छ पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। लोगों ने शिकायत में बताया कि गुरुनानक वार्ड, सावरकर वार्ड सहित अन्य वार्डों में गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। सुबह मटमैले पानी की आपूर्ति हुई। जिससे लोग इसका उपयोग पीने के लिए नहीं कर पाए। काफी समय तक पानी इंतना गंदा आया कि लोग उसका उपयोग निस्तार के लिए भी नहीं कर पाए। स्थानीय लोगों ने बताया कि



इसकी सूचना नगर निगम के अधिकारियों को भी दी गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों ने कहा कि ठीक से फिल्टर कर पेयजल की सप्लाई नहीं की जा रही है। यदि इस तरह का पानी लोगों को पीना पड़ेगा तो उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ेगा। बताया जाता है कि इस साल शहर में पेयजल की गंभीर समस्या रही है। अब बारिश होने के बाद स्थिति में कुछ सुधार हुआ है लेकिन अभी भी समस्या हल नहीं हुई है। वार्डों में एक दिन छोड़कर एक दिन सप्लाई हो रही है। फोर्स भी कम रहता है व कम पानी आता है।

From 07th July 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer @99/-
Available On All Seats Except Recliners
Paytm
book my show




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत, एक-दूसरे पर तेज हुए जुबानी हमले

## संवाद बैठकों के जरिए वीडी शर्मा ने की अलग-अलग समुदायों से मुलाकात तो कमलनाथ और तनखा ने रोड-शो के जरिए मांगे वोट



कटनी,यशभारत। नगर निगम चुनाव के मतदान के लिए अब केवल 6 दिन का समय शेष रह गया है, लिहाजा प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। घर-घर दस्तक दी जा रही है और अपने समर्थन में वोट के लिए जीतोड़ कोशिश जारी है। कल से कटनी के चुनाव में बड़े नेताओं की एन्ट्री भी हो गई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के कल दिनभर संवाद कार्यक्रमों के जरिए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने हेतु जनता से मेल मुलाकात के बाद आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और सांसद विवेक तनखा के रोड शो के जरिए कांग्रेस ने अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। कल 7 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कटनी आकर संभवत: घंटाघर रामलीला मैदान में आम सभा को संबोधित करेंगे। आगामी दिनों में अन्य बड़े नेताओं के दौरे भी हो सकते हैं। अब तक की स्थितियों के मुताबिक भाजपा और कांग्रेस में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी हुई है। एक-एक दिन में प्रचार के लिए 3 से 4 वार्ड निबटाये जा रहे हैं।



नगर निगम चुनाव की फिजां पूरी तरह से गरमा चुकी है। शहर के 45 वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के बीच कहीं सीधे मुकाबले की तो कहीं निर्दलीय के साथ त्रिकोणीय संघर्ष की स्थितियां बन रही हैं। भाजपा प्रत्याशी प्रदेश सरकार द्वारा किये गए विकास कार्यों से लेकर नगर निगम की पिछली परिषद द्वारा कराये गए जनहितैषी कार्यों को लेकर वोट मांग रहे हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस भाजपा की योजनाओं की आलोचना के साथ अपने प्रस्तावित घोषणा पत्र को लेकर जनता के बीच हैं। चुनाव में कहीं-कहीं हिन्दुत्व का ऐजेंडा भी हावी हो रहा है, तो दूसरी ओर प्रत्याशी की व्यक्तिगत छवि भी मायने रख रही है। मतदाता फिलहाल मौन होकर दोनों दलों के प्रत्याशियों के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों को भी अपनी कसौटी पर कस रहा है। भाजपा की महापौर प्रत्याशी ज्योति दीक्षित दो पंचवर्षीय के अपने पार्षद कार्यकाल के अनुभव के साथ मैदान में हैं। युवा और शिक्षित प्रत्याशी के रूप में जनता उन्हें पसंद कर रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस से श्रेहा खंडेलवाल अबकी बार युवा महापौर के नारे के साथ मैदान में हैं। उन्हें हालांकि नगर निगम के कामकाज का अनुभव नहीं है इसके बावजूद वे शहर के विकास की योजनाओं पर फोकस करते हुए वोट मांग रही हैं। कटनी नगर निगम का महापौर बनने की चाह में भाजपा और कांग्रेस के साथ दस अन्य प्रत्याशी भी जोर आजमाइश कर रहे हैं जिसमें भारतीय जनता पार्टी से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं प्रीति सूरी भी शामिल हैं।




तेज हुआ महापौर एवं पार्षद प्रत्याशियों का जनसंपर्क

### वार्डों में पहुंचे वीडी शर्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं क्षेत्र के सांसद वीडी शर्मा भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए वार्ड लेबल तक जुट चुके हैं। वे सीधे आम जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर जाकर मुलाकात कर रहे हैं और शासन की योजनाओं को लेकर सीधा संवाद कर रहे हैं। हर समुदाय और वर्ग के लोगों के साथ अलग-अलग संवाद कर पार्टी के लिए समर्थन मांगते हुए वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन भी कर रहे हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने कल शाम मसुरहा वार्ड एवं चंद्रशेखर आजाद वार्ड पहुंचकर क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों एवं बूथ लेबल के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान मसुरहा, आजाद एवं ईश्वरीपुरा वार्ड के भाजपा प्रत्याशी भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने की रोड-शो के जरिए माहौल बनाने की कोशिश

कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज कटनी पहुंचे। उनके साथ राज्य सभा सांसद विवेक तनखा भी मौजूद रहे। दिलबहार चौक से शुरू हुए रोड-शो के जरिए कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल के लिए कटनी की जनता से वोट मांगे। कमलनाथ के रोड-शो को लेकर कल से ही कांग्रेस की तैयारी जारी रहीं। रोड शो में 45 वार्डों के कांग्रेस प्रत्याशी भी नजर आए।

### वार्डों में घमासान

मतदान के 7 दिन पहले सभी 45 वार्डों में कहीं सीधे मुकाबले की तो कहीं त्रिकोणीय एवं चतुष्कोणीय मुकाबले की स्थितियां बन गई हैं। पार्षद प्रत्याशियों द्वारा दिनरात जनसंपर्क किया जा रहा है। घर-घर पहुंचकर जनता से समर्थन मांगा जा रहा है। शहर के मध्य क्षेत्र के वार्डों में ज्यादातर भाजपा का मुकाबला कांग्रेस से है। इक्का-दुक्का वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी जोर मार रहे हैं। शहरी क्षेत्र के बाहर के 15 वार्डों में भी कहीं-कहीं कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों को निदर्लियों से टक्कर मिल रही है।

### नुक्कड़ सभाओं में बोले भाजपा नेता- कांग्रेस के साथ गुंडे माफिया और भाजपा प्रत्याशी के साथ मोदी-शिवराज

भाजपा के समर्थन में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश की सरकारें आम जनता के जन जीवन को सुधारने के लिए योजनाएं संचालित कर रही हैं। केंद्र की आयुष्मान कार्ड योजना और प्रदेश की मुख्यमंत्री उपचार योजना के अंतर्गत भाजपा सरकार ने पीड़ित व्यक्ति के समुचित इलाज का जिम्मा उठा रखा है। बीमार व्यक्ति को तत्काल एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही संपूर्ण इलाज की सुविधा शासन की ओर से की जा रही है। श्री पाठक ने कहा कि हम शवों को मुक्तिधाम पहुंचाने की बात नहीं करते बल्कि बीमारी से लड़कर इंसान जीवित कैसे रहे इसके लिए प्रयास करते हैं। संजय पाठक ने कहा कि भाजपा की युवा प्रत्याशी ज्योति दीक्षित के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद वीडी शर्मा, विधायक संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडेय खड़े हैं तो दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी के पीछे गुंडे और माफियों की कतार लगी है। अब जनता को तय करना है कि वह नगर निगम में किसके संरक्षण वाला महापौर बैठाना चाहती है। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में विधायक संदीप जायसवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी नुक्कड़ सभाओं में शामिल होकर भारी मतों से भाजपा को विजयी बनाने की अपील कर रहे हैं।

# कई ट्रेनों में शुरू हुई कंबल और बेडशीट की सुविधा

### कोरोना की रफ्तार कमजोर पड़ने पर रेलवे का निर्णय

**कटनी(यशभारत)।** रेल प्रशासन ने लिनेन, कंबल और बेडशीट की सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से बहाल की है। रेलवे ने पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर व रीवा से प्रारंभ होने वाली कुछ ट्रेनों में यह सुविधा बहाल कर दी है। जिसमें गाड़ी संख्या 22181/82 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12181/82 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12121/22 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12189/90 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11464/63/66/65 जबलपुर-सोमनाथ सोमनाथ एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11703/04 रीवा-डॉक्टर अंबेडकर नगर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11754/53 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 02186/85 रीवा रानी कमलापति सुपरवफास्ट स्पेशल ट्रेन, गाड़ी संख्या 11447/48 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11449/50 जबलपुर-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा जम्मूतवी एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 02187/02188 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन शामिल हैं।

# जमीन व दो हजार रुपए लेनदेन के विवाद पर हुई थी किसान की हत्या

### रीठी पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की वारदात, गांव के ही तीन लोग गिरफ्तार

**कटनी(यशभारत)।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम इमलिया में 55 वर्षीय प्रौढ़ किसान की सिर पर पत्थर पटक कर की गई नृशंस हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। किसान की हत्या जमीन के विवाद व दो हजार रुपए के लेनदेन पर की गई थी। वारदात को गांव के ही तीन आरोपियों ने अंजाम दिया था। मंगलवार को रीठी पुलिस ने हत्या की वारदात का खुलासा कर दिया है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि 3 जुलाई को ग्राम इमलिया निवासी 55 वर्षीय मदन सिंह का रक्तरंजित शव उसके घर के समीप सड़क पर पाया गया था। मृतक एक दिन पूर्व घर से निकला था और रातभर घर नहीं पहुंचा था। हत्या पत्थर पटककर की गई थी। खून से सना पत्थर भी समीप पाया गया था। मामले में जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक का गांव के कुछ लोगों से जमीन को लेकर विवाद था। इसके बाद संदेही 32 वर्षीय ज्ञान सिंह पिता शिव सिंह गौड़, 41 वर्षीय नारायण सिंह पिता राजेन्द्र सिंह गौड़ व 42 वर्षीय भारत सिंह पिता मस्तराम सिंह गौड़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उनके बयानों में विरोधाभास मिला। संदेहियों से जब सख्ती से पूछताछ हुई तो उन्होंने हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनका जमीन व दो हजार रुपए के लेनदेन को लेकर मदन सिंह से पुराना विवाद था। जिसपर घटना की रात 1 बजे उसके घर के पास रोककर लाठी से मार-मारकर हत्या कर दी और सिर पर पत्थर पटक दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी सतीश तिवारी सहित उपनिरीक्षक जी.पी.शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक सावित्री राजपूत, दिनेश सिंह चौहान, रमाकांत दुबे, प्रधान आरक्षक भोलेशंकर हल्दकार, केशव मिश्रा, रमेश सिंह, लखन पटेल, राजीव परतेती, अतुल श्रीवास्तव व साइबल सेल की भूमिका रही।




**किराए से देना है**

20 बाई 50 फिट का सर्वसुविधायुक्त, सभी शासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त हॉल बैंक, फाइनेंस, इश्योरेंस कंपनी, शॉपिंग मार्केट के लिए किराए से देना है।
स्थान : दुर्गा चौक, तिलक कॉलेज मोड़, मंगलम मेनर गार्डन के सामने, कटनी
सम्पर्क : सत्यम सैनी
मो. 7748902288, 6264267212

**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

**प्लॉट बिकाऊ हैं**

यादव गैस एजेंसी, विवेकानंद वार्ड लखेरा, कटनी में 1925 फीट का प्लॉट कीमत 600/- वर्गफुट डबल रोड एवं पाठक वार्ड सन्यासी बाबा गली, कटनी में 900 फीट कीमत 2000/- वर्गफुट विथ डायवर्सन प्लॉट बिकाऊ हैं।
संपर्क-जूली गुप्ता, मो. 8818908382

**TIMES ACADEMY**

दसवीं बारहवीं के ओपन स्कूल से फार्म भरें
आर्टस/कामर्स/मैथ्स/बायो
B.sc. मैथ्स/बायो
रेग्यूलर/प्राइवेट करें



पता- डॉ. हरचंदानी के सामने शहीद द्वार नई बस्ती, कटनी
मो. 9200173627

**PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

जायसवाल इंटरप्राईजेस
**चुनाव प्रचार सामग्री**
झंडा → मफलर → टोपी → बिल्ले टी-शर्ट → पेपर लडी → बाईक झंडा → डमी ई.वी.एम.
Mob. 9098263208,7000281913
पता- कचहरी चौराहा,MGM Hospital के पास,कटनी

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities: Luxury Rooms, Banquet Hall, Conference Hall, Free Wifi, Cinema, Restaurant, Bar, Car Parking



City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

# दो-दो ओवरब्रिज बनने से भी नहीं मिल सकी जाम से राहत





**कटनी (यशभारत)।** कटनी ओवरब्रिज बनने से भी शहर को राहत नहीं मिल पाई है। शहर के इन क्षेत्रों में रोजाना जाम लगने से आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। शहर में कई छोटे-छोटे बाजार हैं। इनमें बड़े वाहन घुसने से यहां की स्थितियां बहुत खराब हो जाती हैं। शहर के गांधी द्वार के सामने कुछ दिनों पहले ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए बैरियर लगाए गए थे लेकिन कुछ लोगों द्वारा इसे अलग कर दिया गया है। अब इन संकरी गलियों में रोजाना जाम लग रहा है। यहां पर शेर चौक, घंटाघर सहित अन्य स्थानों पर पहुंचने के लिए जल्द बाडी में झंडा बाजार, गोल बाजार की संकरी गलियों में नागरिक अपनी कार सहित अन्य बड़े वाहन ले जाते हैं। इससे यहां पर जाम की स्थितियां निर्मित होती हैं। शहर की गलियों में आम आदमी को जाम की समस्या से राहत नहीं मिल पा रही है। आए दिन जाम से आम आदमी को परेशानी होती है लेकिन शहर के ट्रैफिक की हालत अभी सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर की संकरी गलियों में जाम आम हो गया है। शहर के कई हिस्सों में जाम से लोगों को परेशानी हो रही है। ट्रैफिक जाम लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। शहरवासियों को यहां किसी भी वक्त जाम लगने के कारण परेशान होना पड़ता है। इनमें सागर पुलिया, जगन्नााथ चौक से घंटाघर की तरफ आने वाला रास्ता, सुभाष चौक, सुभाष चौक से लल्लू भैया की तलैया की तरफ जाने वाला रास्ते में लोग जाम से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा शहर में ऐसे क्षेत्र हैं जहां लोगों को जाम की समस्या से परेशान होना पड़ता है। अभी और ओवर ब्रिज सहित ट्रैफिक को व्यवस्थित किए जाने के लिए शहर की आधार भूत संरचना में सुधार की जरूरत है तभी नागरिकों को यातायात की समस्या से राहत मिल सकेगी।



# एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**कटनी (यशभारत)।** कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज (चड्डा कॉलेज) के एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं का रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा गत दिवस परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया। महाविद्यालय की एलएल.बी. तृतीय सेमेस्टर में छात्र अभिनेष नामदेव प्रथम स्थान, रंजीता जैन द्वितीय स्थान एवं मौसमी विश्वास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र/छात्राओं ने अपनी इस सफलता को श्रेय महाविद्यालय के श्रेष्ठ अध्यापन, मूट कोर्ट, पुस्तकालय, आंतरिक परीक्षा एवं प्राध्यापकों द्वारा समय-समय पर स्पेशल कक्षाऐं लगाने को दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय चड्डा ने छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देष्य छात्र/छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है जिसमें महाविद्यालय सदैव अग्रसर रहता है। उन्होंने महाविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल उपाध्याय, विधि प्राध्यापक श्रीमती ऋतिका साहनी आहूजा, श्रीमती माला उपाध्याय एवं श्री विधि प्राध्यापक संकल्प शुक्ला को उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए बधाई दी तथा छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 13 पार्षद प्रत्याशियों को सूचना पत्र जारी, दो दिन में जमा करना होगा खर्च का ब्यौरा

**कटनी (यशभारत)।** नगरीय निकायों के महापौर एवं पार्षद अभ्यर्थी हेतु निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) नाम निर्देशन प्रस्तुत किये जाने के तिथि से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तिथि तक के दिन प्रतिदिन के व्यय का निरीक्षण कराये जाने के प्रावधान है। इसके तहत अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन व्यय के दिन प्रतिदिन के लेखे का रजिस्टर संबंधित व्हाउचरों तथा देयकों के साथ किसी भी समय, रिटर्निंग ऑफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रेक्षक या आयोग द्वारा इस संबंध मे प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा मांग करने पर, तत्काल निरीक्षण के लिए पेश किया जायेगा और ऐसा करने में असफलता को अभ्यर्थी की ओर से इस आदेश का अनुपालन करने में एक गंभीर चूक माना जायेगा। सहायक रिटर्निंग आफिसर नगर निगम ने बताया कि जारी निर्देशों के परिपालन में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन कटनी के आदेशों के माध्यम से निर्धारित दिनांकों को समाचार पत्रों मे भी सूचना का प्रकाशित कराया गया एवं कार्यालयीन पत्रों के माध्यम से भी अवगत कराया गया है, साथ ही दूरभाष पर भी सूचित किया गया है, किन्तु इसके बावजूद भी संबंधित 13 पार्षद पद के अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथि में निर्वाचन व्यय का लेखा निरीक्षण कराये जाने मे असफल रहने एवं अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर निर्धारित प्रोफार्मा मे व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा ननि पार्षद पद के 13 अभ्यर्थियों कविता राजेश कुमार, फारेस्टर वार्ड, रतना सुरेन्द्र यादव, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, अर्चना विनीत जायसवाल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, रश्मि सिंह गौतम, राजेन्द्र प्रसाद मुखर्जी वार्ड, अरविन्द कोल विवेकानंद वार्ड, बालाजी राव, विवेकानंद वार्ड, बेनी प्रसाद, विवेकानंद वार्ड, रवि कुमार तलवेजा, संत कंवरराम वार्ड, बुंदिया संतोष चौधरी, महाराणा प्रताप वार्ड, वंदना जयप्रकाश चौधरी, महाराणा प्रताप वार्ड, गायत्री संजय बेन, महाराणा प्रताप वार्ड, नीतू रजक, विश्राम बाबा वार्ड, अरूण भईया फोटो वाले, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, कुल 13 पार्षद पद के अभ्यार्थियों के विरूद्ध मप्र नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 14-ख और मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32-ख में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है। सहायक रिटर्निंग आफिसर नगर निगम द्वारा जारी सूचना पत्र में अभ्यर्थियों को दो दिवस के अंदर स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय का लेखा एवं जवाब प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित कर अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही का लेख किया गया है।



# छात्र-छात्राओं द्वारा पुस्तक लेखन एवं निर्माण

**कटनी (यशभारत)।** बारडोली जनकल्याण एवं विकास समिति द्वारा संचालित बारडोली महाविद्यालय में दिनॉक 04/07/2022 को बी0 एड0 संकाय के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा पाठ्यक्रम पुस्तक की संरचना कर पाठ्यपुस्तक का निर्माण किया गया । जिसमें प्रत्येक छात्र-छात्राओं ने पाठ्यपुस्तक का लेखन स्वयं कर उसका प्रकाषन कराया। जिसका विमोचन महाविद्यालय के सरंक्षक सुनील उपाध्याय, अध्यक्ष विनोद बिलौहा प्राचार्य श्रीमति डॉ. रागिनी सिंह एवं क्षिप्रा निगम द्वारा किया गया। इस अवसर पर संरक्षक प. सुनील उपाध्याय जी ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य में लेखक बनने की प्रेरणा दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस विमोचन कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टॉफराकेष गुप्ता, श्रीमति सनिता जैन, संगीता जाटव,. डॉ. नैनसी डायर, मनीषा सिंह चंदेल, विधि जैन, गायत्री मंद्राह, नेहा श्रीवास्तव, लखन साकेत, स्मृति मौर्य, पवन दाहिया, रजनीष उपाध्याय, शैलेन्दर बड़गैया, नीतू बर्मन, सोनम बर्मन, आदि समस्त स्टाफ एवं बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों हेतु मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी

# सीईओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण





**कटनी (यशभारत)।** राज्य निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 6 जुलाई को होने वाले मतदान की तैयारियों का जायजा सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने नगर परिषद विजयराघवगढ़ एवं कैमोर के मतदान केंद्रों पर पहुंच कर लिया। मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में नियुक्त मतदान दलों से जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे ने नगर परिषद विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 2, 3, 10 एवं 12 में स्थित मतदान केद्रों का निरीक्षण किया। इसके बाद सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे ने एवरेस्ट मिडिल स्कूल कैमोर के मतदान केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने मतदान के पूर्व की जाने वाली आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान सीईओ श्री गोमे ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं के आगमन और प्रस्थान के विषय में विशेष रुप से जानकारी ली, ताकि मतदान के दौरान जनसमूह इकट्ठा ना हो और मतदाताओं को मतदान के दौरान असुविधा ना हो। मतदान दलों हेतु उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं की जानकारी भी ली। मतदान कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण ,निष्पक्ष चुनाव हेतु निर्वाचन आयोग एवं प्रशिक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया संपादित करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई एवं सीईओ जनपद राकेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

# मताधिकार का करें प्रयोग-कलेक्टर

**कटनी (यशभारत)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत् नगरीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत प्रथम चरण में नगरपरिषद विजयराघवगढ़ एवं कैमोर में बुधवार 06 जुलाई को तथा पंचायत निर्वाचन अंतर्गत तृतीय चरण में जनपद क्षेत्र रीठी एवं बहोरीबंद के निर्वाचन क्षेत्रों में शुक्रवार 08 जुलाई को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने समस्त मतदाताओं से लोकतंत्र में पूर्ण आस्था के साथ लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखते हुए इस महापर्व में ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना, मतदान करने की अपील की है।



# मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

**कटनी (यशभारत)।** राज्य शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आदेश जारी कर नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के दोनों चरणों की तिथियों के दिन परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट) के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। पहले चरण का मतदान बुधवार 6 जुलाई को और दूसरे चरण का मतदान बुधवार 13 जुलाई को जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में होना है। इन तारीखों के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद, नगरपरिषद एवं अन्य स्थानीय संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों -कर्मचारियों को निर्वाचन में मतदान के अधिकार का उपयोग सुविधाजनक रूप से करनें के लिए संबंधित क्षेत्र में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# मतदान के दौरान मतदाताओं की पहचान के लिए दस्तावेज निर्धारित

**कटनी (यशभारत)।** राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की पहचान स्थापित करने दस्तावेज निर्धारित किये है। पीठासीन अधिकारी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मतदाता से उसकी पहचान स्थापित करने 22 दस्तावेज तय किये गए है। इनमे से कोई एक दिखाकर मतदान किया जा सकेगा। मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र, भू अधिकार एवं ऋष्ा पुस्तिका, पीला राशन कार्ड काम के बदले अनाज योजनान्तर्गत जारी तथा नीला राशन कार्ड गीरीबी रेखा के नीचे हितग्राहियों हेतु जारी राशन कार्ड, बैंक, किसान, डाकघर पासबुक, शस्त्र लायसेंस , संपत्ति दस्तावेज जैसे पट्टा, रजिस्ट्रीकृत विलेख आदि , विकलांगता प्रमाण पत्र को पहचान के लिए प्रस्तुत कर सकता है। इसी प्रकार निराश्रित प्रमाण पत्र, तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान पत्र, सहकारी समिति का अंश प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, आयकर पहचान पत्र पेन कार्ड, राज्य व केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औधोगिक घरानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले सेवा पहचान पत्र, छात्र पहचान पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग अधिवासी प्रमाण पत्र, पेंशन दस्तावेज जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन अदायगी आदेश, भूतपूर्व सैनिक विधवा आश्रित प्रमाण पत्र, रेल्वे पहचान पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र शामिल है। इसके अलावा पहचान के लिए उल्लेखित अभिलेखों के अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी ऐसा कोई अन्य अभिलेख भी स्वीकार कर सकेगा जिससे वह मतादाता की पहचान के संबंध मे संतुष्ट हो सके। परिवार के मुखिया के पास उपलब्ध दस्तावेज, परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान और परिवार के दूसरे सदस्यों के नाम से कोई दस्तावेज होने पर अन्य सदस्यों की पहचान के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। लेकिन यदि मतदाता कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने मे असफल रहता है, तो पीठासीन अधिकारी स्थानीय कोटवार, पटवारी, शिक्षक, ग्राम पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका इत्यादि कर्मियों या किसी प्रतिष्ठित स्थानीय निवासी से उसकी पहचान स्थापित कराने के उपरांत उसे मतदान के लिए मतपत्र प्रदान कर सकेगा।



**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी म.प्र.**

**क्र.387/प्रवा.वि.अधि./2022** **कटनी, दिनांक 29/06/2022**

**द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये) विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ज्ञानेश्वर सिंह आत्मज श्री रामसिंह आयु 43 वर्ष निवासी- स्थायी निवास आशा सदन अरूण पार्क के पास नेहरू नगर तहसील व जिला रीवा म.प्र. एवं नीतू सिंह आत्मज श्री सी.एल. सिंह आयु 36 वर्ष निवासी- एच आई जी 154 मानसरोवर कॉलोनी हाऊसिंग बोर्ड पोस्ट माधवनगर तहसील व जिला कटनी म.प्र. द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपए चालान क्रमांक 051/9999999/0070/06/22/002557 दिनांक 06.06.2022 को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं अंक सूची, आधार कार्ड सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा -5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 22/07/2022 को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाशक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**आगामी तिथि- 22/07/2022**

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी**

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# निर्वाचन संबंधी जानकारी के आदान-प्रदान हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**कटनी (यशभारत)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत् तृतीय चरण में जनपद क्षेत्र रीठी एवं बहोरीबंद में शुक्रवार 08 जुलाई को मतदान होना है। रिटर्निंग अधिकारी पंचायत निर्वाचन रीठी ने द्वारा जारी आदेशानुसार पंचायत निर्वाचन संबंधी जानकारियों एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कार्यालय जनपद पंचायत रीठी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी अजीत सिंह ए.पी.ओ. मनरेगा होंगे जिनका का मो. नं 9893777587 है। कंट्रोल रूम में तीन पालियों में 6 अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक विनोद कुमार शर्मा सहायक ग्रेड-3 एवं अमित बड़गैया ब्लाक इंजीनियर स्वान, द्वितीय पाली में सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक अवधेश मिश्रा सहायक लेखाधिकारी एवं राजकुमार विश्वे ए.डी.एम. मनरेगा तथा तृतीय पाली मे रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक एल.एन. मिश्रा पी.सी.ओ. एवं जयलाल पांडेय बी.सी.पी.एम.ए.वाय. को कंट्रोल रूम के दायित्व सौंपे गये है।



## जनपद क्षेत्र बहोरीबंद मे हुआ कंट्रोल रूम स्थापित

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत् तृतीय चरण में जनपद क्षेत्र बहोरीबंद में शुक्रवार 08 जुलाई को मतदान होना है। उपखंड मजिस्ट्रेट बहोरीबंद द्वारा जारी आदेशानुसार पंचायत निर्वाचन संबंधी जानकारियों एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान करने व प्राप्त शिकायतें सबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु कार्यालय जनपद पंचायत बहोरीबंद के सभाकक्ष में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का संपर्क दूरभाष नंबर 9174389221 है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी एच.एस.धुर्वे प्रभारी तहसीलदार एवं सहायक नोडल अधिकारी ऋषि गौतम नायब तहसीलदार को नियुक्त किया जाकर तीन पालियों मे अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पाली में प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक अमित कुमार पाण्डेय, बीएसी बहोरीबंद, दीनदयाल पटैल एएओ जनपद पंचायत बहोरीबंद, अतुल कुमार द्विवेदी सहायक ग्रेड-2 हा.से.स्कूल स्लीमनाबाद, अंबिका बर्मन भृत्य शा0 उत्कृष्ट विद्यालय बहोरीबंद, द्वितीय पाली में दोपहर 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक जय प्रकाश चक्रवर्ती बी.एसी बहोरीबंद, इन्द्रकांत व्यौहार पीसीओ जनपद बहोरीबंद, सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय सहायक ग्रेड-2 बीईओ कार्यालय बहोरीबंद, संतोष बर्मन भृत्य हा.से.स्कूल बचैया तथा तृतीय पाली मे रात्रि 10 बजे से प्रातः 8 बजे तक कृष्ण नारायण विश्वकर्मा प्रा.शि.शा.मा.शा. सुपेली, श्यामलाल गौंटिया पीसीओ जनपद पंचायत बहोरीबंद, रामसुजान पटेल सहा.ग्रेड-2 शा.हा.से.स्कूल बचैया, मनीष कुमार रैदास भृत्य उत्कृष्ट विधालय बहोरीबंद को कंट्रोल रूम के दायित्व सौंपे गये हैं जो निर्धारित निर्वाचन कार्यो का संपादन करेंगे।